महोत्सव | रंगमंच के शौकीनों के लिए कालजयी शास्त्रीय नाट्य प्रस्तुति का अनूठा अवसर

# नाट्य महोत्सव में होगा 'संगीत मत्स्यगंधा' नाटक का मंचन

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के संगीत नाट्य महोत्सव में वसंत कानेटकर लिखित 'संगीत मत्स्यगंधा' नाटक का मंचन होने जा रहा है, जिसमें पं. जितेंद्र अभिषेकी द्वारा रचित संगीत मुख्य आकर्षण है। महाभारत-पूर्व की कथा पर आधारित यह नाटक सत्यवती की महत्वाकांक्षा, भीष्म की निष्ठा और अंबा के प्रतिशोध को जीवंत करता है।

### महाभारत के बीज और मानवीय संबंध

प्रख्यात नाटककार स्वर्गीय वसंत कानेटकर द्वारा लिखित 'संगीत मत्स्यगंधा' नाटक में महाभारत-पूर्व कालखंड का अत्यंत प्रभावशाली और मर्मस्पर्शी



चित्रण किया गया है। यदि गहनता से देखा जाए, तो संपूर्ण महाभारत की महागाथा के बीज और उसकी भावी दिशा इसी नाटक की पटकथा में रोपे गए हैं। यह नाटक केवल एक पौराणिक कथा नहीं है, बल्कि यह प्रतिज्ञाबद्ध देवव्रत अर्थात भीष्म की अविचल निष्ठा, महत्वाकांक्षी धीवर-कन्या सत्यवती के ऊंचे सपने, सत्यवती के प्रेम में पूर्णत: निमग्न महाराज शांतनु के अंतर्द्वंद्व तथा उसी सत्यवती से प्रेम कर उसे अनजानी परिस्थितियों में गर्भवती छोड़ तपस्या हेतु हिमालय प्रस्थान करने वाले ऋषि पराशर-इन सभी जटिल पात्रों की भावनाओं, संघर्षों, त्याग और संबंधों का एक बेहद सुंदर व कलात्मक संगम प्रस्तुत करता है। यह नाट्य रचना मुख्य रूप से एक सशक्त स्त्री, सत्यवती, की अदम्य महत्वाकांक्षा, उसके जीवन के उतार-चढ़ाव, उसकी आकांक्षाओं और अंत में मिलने वाले वैफल्य यानी खालीपन का सजीव व मार्मिक चित्रण करती है। इसके समांतर, भीष्म के शौर्य और पराक्रम से प्रभावित होकर भी उनके आजीवन विवाह-निषेध की भीष्म प्रतिज्ञा के कारण जीवनभर आहत रहने वाली अंबा की व्यथित मन:स्थिति को उभारा गया है। वही अंबा जो बाद में शिखंडी के रूप में पुनर्जन्म लेकर भीष्म के महाविनाश का मुख्य कारण बनती है, उसके अंतर्मन की प्रतिशोध और जटिल भावनाओं को भी अभिनेताओं के उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से अत्यंत प्रभावी ढंग से मंच पर जीवंत किया जाएगा।


### नाटक ने बनाई अपनी एक खास पहचान

अपनी अद्वितीय विषय-वस्तु और सुरीले संगीत के दम पर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त कर चुके इस नाटक ने व्यावसायिक रंगमंच पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। इसके गौरवशाली सफर के दौरान अब तक नागपुर, पुणे, रत्नागिरी और भोपाल जैसे बड़े सांस्कृतिक केंद्रों में कई सफल और हाउसफुल मंचन हो चुके हैं। इन सभी शहरों में समीक्षकों और आम दर्शकों से अपार प्रशंसा बटोरने के बाद, अब यह भव्य प्रस्तुति जबलपुर के रंगमंच को अपनी कलात्मक आभा से आलोकित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# रानी दुर्गावती संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन आज

**नवभारत, जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस के अवसर पर आज सोमवार 22 जून को रानी दुर्गावती संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का पुरूष तथा महिला वर्ग के लिये पृथक-पृथक आयोजन किया जायेगा। सुबह 7 बजे सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा धावकों को भँवरताल स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के सामने से हरी झंडी दिखाकर संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगें।

पुरूषों की संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भँवरताल से बारहा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि तक होगी, वहीं महिला



वर्ग की संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भँवरताल से शारदा चैक तक आयोजित होगी। जबलपुर जिले के धावकों के लिये आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 24 जून को सुबह 9 बजे भँवरताल उद्यान में नगर निगम जबलपुर तथा दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, मित्रसंघ एवं कारपोरेशन एथलेटिक संघ के सहयोग से आयोजित वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर पुरूस्कार वितरित किये जायेगें। इस दिन भी सुबह 7 बजे सभी धावक वीरांगना की समाधि से इलेक्ट्रिक मशाल लेकर भंवरताल उद्यान आयेगें।



## हिंदी रत्न से सम्मानित हुए इंद्र सिंह राजपूत

**नवभारत, जबलपुर।** बेलखाडू सशक्त हस्ताक्षर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 2 जून को नूतन मराठी स्कूल, गोलबाजार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सूरतलाई, संकुल बेलखाडू, पनागर के शिक्षक इंद्र सिंह राजपूत को हिंदी रत्न से सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी समारोह के दौरान महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे, अध्यक्ष मदन श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव और प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

# परिवहन प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्षों का हुआ स्वागत


**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष देवी सिंह पटेल और ग्रामीण अध्यक्ष सोनू रजक ने 20 जून को प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे से मिलकर नियुक्ति के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने दोनों को बधाई देकर माला पहनाई और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकारिणी शीघ्र गठित कर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की व्यापारिक समस्याओं के लिए संघर्ष करने और राहत दिलाने के निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष




पांधे ने बताया कि परिवहन प्रकोष्ठ की संयुक्त टीमें आरटीओ चेकिंग पॉइंट पर औचक निरीक्षण करेंगी, साथ ही ट्रैफिक पुलिस व हाईवे थानों में व्यवसायियों को हो रही परेशानियों की शिकायतों की भी जांच की जाएगी। स्वागत कार्यक्रम में नरिंदर सिंह पांधे, देवी सिंह पटेल, सोनू रजक, जिला पंचायत सदस्य मुन्नीबाई, नीरज दुबे, पवन श्रीवास, करणप्रीत सिंह पांधे, आबिद और कश्मीर सिंह उपस्थित रहे।

## 63 की उम्र में नहीं टूटा जज्बा, रोज करते हैं साईकिल से सफर

**अंजनियां।** सुबह के ठीक 6 बजते हैं। जब अधिकांश लोग अपनी नींद से जागकर दिन की शुरुआत की तैयारी कर रहे होते हैं, तब 63 वर्षीय रामगोपाल पटेल अपनी साइकिल पर सवार होकर सफर पर निकल चुके होते हैं। करियर के 35 साल और ढलती उम्र के बावजूद उनके जज्बे में कोई कमी नहीं आई है। साइकिल पर अखबारों का भारी बंडल लादे रामगोपाल जी रोज 35 से 4 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, ताकि अंजनियां सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों के पाठकों तक सुबह की ताजा खबरें वक्त पर पहुंच सकें। फादर्स डे के खास मौके पर रामगोपाल पटेल की यह कहानी उन सभी पिताओं को समर्पित है, जो बिना थके, बिना



रुके अपने परिवार के सपनों को पूरा करने के लिए जिंदगी भर संघर्ष की साइकिल चलाते रहते हैं। रामगोपाल पटेल कड़कड़ाती ठंड, चिलचिलाती गर्मी हो या मूसलाधार बारिश मौसम का कोई भी मिजाज कभी उनके इस सफर के आड़े नहीं आ सका।

# किडजी स्कूल में बच्चों ने खेल-खेल में सीखे योग के गुर



**मंडला।** सिविल लाइन्स स्थित किड्ज़ी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ योगाभ्यास किया। इस विशेष सत्र में अनुभवी योग प्रशिक्षक चंद्रगुप्त नामदेव के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी उम्र के अनुसार सरल और प्रभावी योगासनों को खेल-खेल में बेहद आनंददायक तरीके से सीखा। किड्ज़ी स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए यहाँ प्रति बुधवार को विशेष योग गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिससे बच्चों में एकाग्रता, लचीलापन और सकारात्मक सोच विकसित हो सके। इस सफल आयोजन में प्राचार्या शालिनी शुक्ला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी सहित स्कूल स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

### ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में हुआ योग दिवस का आयोजन



स्थानीय ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग के अंतर्गत मनाया गया। इस दौरान आयोजित योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और संवाद ने सत्र को बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया। विद्यालय के खेल शिक्षक अभिषेक यादव ने छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। एकेडमी के डायरेक्टर निशांत शुक्ला ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की कला है। कार्यक्रम का सफल समन्वय सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन एवं मंच संचालन राजुल सिंहानी ने किया। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# तीन शिविरों में आए 100 आवेदन, निराकरण का अता-पता नहीं

▶ कलेक्टर की अनूठी पहल पर विभागीय अधिकारियों ने फेरा पानी

**नैनपुर।** समाज को दिशा देने वाला और बच्चों के भविष्य को संवारने वाला शिक्षक आज खुद अपनी जायज समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। विकासखंड नैनपुर के शिक्षक लंबे समय से नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पेंशन और टीईटी परीक्षा जैसी राज्य स्तरीय समस्याओं के साथ-साथ स्थानीय स्तर की विभागीय विसंगतियों से जूझ रहे हैं। जिले में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले तो होते रहे, लेकिन शिक्षकों की सुध लेने वाला कोई नहीं था।

**कलेक्टर का नवाचार पड़ा**



**सुस्त**-शिक्षकों की इन पुरानी और जायज मांगों को देखते हुए जिले के नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने एक सराहनीय पहल की थी। उनके निर्देशानुसार जून माह के प्रत्येक शनिवार को विकासखंड स्तर पर शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश, जमीनी स्तर पर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण कलेक्टर की यह बेहतरीन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। इसका मुख्य कारण विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार न करना और खुद शिविर से दूरी बनाए रखना है।

**शिविर में सिर्फ आवेदन का**

**खेल**-शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी नैनपुर ने औपचारिकता पूरी करने के लिए तीन प्रभारी प्राचार्यों, बाबूओं और भृत्यों की एक टीम तो तैनात कर दी, जो हर शनिवार सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक केवल आवेदन जमा कर रही है। परंतु खुद बीईओ की अनुपस्थिति के कारण इन आवेदनों पर कब और कैसे कार्रवाई होगी, यह बताने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी वहां मौजूद नहीं रहता। पीड़ित शिक्षकों का कहना है कि कागजों और ज्ञापनों का यह खेल वर्षों से चल रहा है, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। उल्टे छोटे-छोटे कामों के लिए शिक्षकों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ता है।

लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीईओ कार्यालय नैनपुर में आयोजित शिविर के पहले शनिवार को 12, दूसरे शनिवार को 18 और तीसरे शनिवार को लगभग 7 शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के आवेदन सौंपे। अब तक कुल 1 के करीब आवेदन जमा हो चुके हैं, लेकिन इन पर विभाग ने क्या कदम उठाया, इसकी कोई जानकारी शिक्षकों को नहीं दी गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारी कलेक्टर के इस नवाचार को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी कमियां उच्च स्तर तक न पहुंच सकें।



## सीआरपीएफ मुख्यालय में कराया योगाभ्यास

**मंडला।** 148 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय प्रांगण में कमांडेन्ट विक्रांत सारंगपाणि के मार्गदर्शन में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह ने जवानों को योग के महत्व और इसकी सही प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी।

# एसपी ने थाना निवास, कोतवाली और मनेरी चौकी का किया औचक

▶ पेंडिंग मामलों को जल्द निपटाने के सख्त निर्देश

**मंडला।** जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त, प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया है। एसपी ने बिना किसी पूर्व सूचना के थाना निवास, थाना



कोतवाली एवं पुलिस चौकी मनेरी का औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में दिनभर हड़कंप की स्थिति बनी रही। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थानों और चौकी के कार्यालयीन अभिलेखों, अपराध रजिस्टरों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार और सीसीटीएनएस कंप्यूटर प्रणाली के कार्यों का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने थानों में लंबित पड़े अपराधों, आम जनता की शिकायतों और विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा की। एसपी ने थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

## अनिल मरकाम ने संभाला प्राचार्य का पदभार

**मंडला।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सेमरखापा में उच्च पद प्रभार प्राप्त व्याख्याता एवं पूर्व सहायक जिला परियोजना समन्वयक अनिल मरकाम ने प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस कार्यक्रम में शिक्षक संघ अध्यक्ष विवेक शुक्ला, सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रोल, शैल दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगौर, जिला परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास, पूर्व प्राचार्य सुशील पटेल, सुशील अर्शिया और सुदीप पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | कार्यक्रम का शुभारंभ अनमोल देशना जैन द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में किया गया योगाभ्यास



**नवभारत, जबलपुर।** अहिंसा योग फाउंडेशन के फाउंडर योगाचार्य नवीन जैन द्वारा जबलपुर के निराश्रित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विशेष आयोजन किया गया, जहां राष्ट्रपति के सानिध्य में योग दिवस मनाने के साथ ही वृद्धाश्रम में इसे मनाने का सौभाग्य मिला और बुजुर्गों के उदासीन चेहरों पर मुस्कान लाकर सुख की अनुभूति हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अनमोल देशना जैन द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया, जिसमें उपस्थित सभी बुजुर्गों ने अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षक रेबिंदु ने आभार व्यक्त करते हुए नवीन और अहिंसा योग फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे मानव सेवा के कार्यों की सराहना की तथा इस बात पर बल दिया कि बुजुर्गों के लिए यह आवश्यक है, इसलिए ऐसा कार्यक्रम पुन: आयोजित होना चाहिए।

### योगाभ्यास का हुआ सफल आयोजन

अति पुलिस महानिदेशक रेल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रेल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार प्रात:`6 बजे रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 (इटारसी एंड) पर सामूहिक योग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रेल,अति पुलिस अधीक्षक ,योगा इंस्ट्रक्टर, जीआरपी थाना जबलपुर स्टाफ, जीआरपी लाइन एवं कार्यालय स्टाफ के साथ-साथ रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### अथ श्री यथार्थ परिवार द्वारा लगाया गया शिविर



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अथ श्री यथार्थ परिवार द्वारा भव्य योग शिविर लगाया गया, जिसमें जबलपुर के विभिन्न सामाजिक और सेवा संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यथार्थ परिवार द्वारा विजय नगर के विशाल शिव योग पार्क और अनमोल वाटिका में नियमित योग कक्षाएं चलाई जाती हैं, जहां इस विशेष अवसर पर हजारों स्वास्थ्य साधकों ने उत्साह से योगाभ्यास किया और जबलपुर के प्रसिद्ध भजन गायक सत्येंद्र साथी ने भजनों की प्रस्तुति दी। योगाचार्य रमाकांत पलहा और योगाचार्य अनुज तिवारी के निर्देशन में हुए इस योग सत्र के साथ थैलेसीमिया परिवार द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया गया, जिसमें लोगों ने रक्तदान किया। अंत में सभी उपस्थित जनों ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### दिव्यांगजनों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पेशल ओलंपिक भारत मध्यप्रदेश, विकलांग सेवा भारती चेतना व स्नेहनगर और जबलपुर एजुकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में मालवीय चौक स्थित विकलांग सेवा भारती चेतना परिसर में योग कार्यक्रम हुआ। स्पेशल ओलंपिक भारत मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बैनर्जी ने दिव्यांगों, छात्रों, प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान कराया। उन्होंने योग को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक मजबूती देने वाली जीवन शैली का आधार बताया। आयोजन में विकलांग सेवा भारती के पदाधिकारियों, स्टाफ, छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने विभिन्न योग क्रियाएं कर नियमित योग करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'योग को जन-जन तक पहुँचाने' के संदेश के तहत इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया और अंत में आभार माना गया।

### योग शिविर का हुआ आयोजन



बड़ा जैन मंदिर गढ़ा के श्री पार्श्व परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर गढ़ा द्वारा हर वर्ष प्रात: योग कक्षा का संचालन किया जाता है। वही नीरज नारद ने बताया कि शिविर में सभी साधकों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता लेते हुए योग गुरु डॉ. शैलेंद्र मिश्रा का शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया।